आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद और टोबैगो पुरस्कार से हुए सम्मानित, कहा–सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना सम्मान की बात।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय के खिलाफ दायर याचिकाओं पर पूरी की सुनवाई, फैसला सुरक्षित।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में तीन दिवसीय आम महोत्सव की शुरूआत की, कहा– किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम है यह महोत्सव।
- यूपी इंटरनेशनल ट्रेड–शो के तीसरे संस्करण के लिए दिल्ली में हुआ रोड शो, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान भी हुए शामिल, कहा– उद्योगों, कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक मंच देगा यह ट्रेड शो।
- मानसूनी बारिश से प्रदेश की कई नदियां उफान पर, मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जताई भारी बारिश की संभावना।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल त्रिनिदाद और टोबैगो में ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद और टोबैगो से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि उन्हें देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि वह एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की ओर से इसे स्वीकार करते हैं।

**********

इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने कल प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने सीतापुर की कृष्णा कुमारी समेत 51 स्कूली बच्चों की याचिकाओं पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई पूरी की। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि राज्य सरकार का यह फैसला शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। वहीं दूसरी तरफ, राज्य सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह कदम स्कूलों के बेहतर प्रबंधन के लिए उठाया गया है। स्कूलों के विलय होने पर बच्चों के घरों से स्कूलों की दूरी बढ़ने के सवाल पर सरकार ने कहा कि बच्चों के लिए परिवहन की उचित व्यवस्था की जाएगी। मुमताज अली की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में कल उस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसमें भविष्य की सभी कार्यवाहियों में ईदगाह मस्जिद को विवादित संरचना के रूप में संदर्भित करने की मांग की गई थी। यह अर्जी इस मामले में पक्षकार और अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने दाखिल की थी।

एक अन्य आदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग आकृति के अलावा वजूखाने का एएसआई से सर्वेक्षण की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई के लिए छह अगस्त की तारीख तय की है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया। महोत्सव में देशभर के बागानों से चुनकर लाए गए 800 से अधिक किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आम महोत्सव न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

**प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन को जमीनी धरातल पर उतार कर के उसके आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में किए जाने वाले प्रयास का ही काम और केवल आम के उत्पादन उसके लिए बाजार की व्यवस्था उस पासपोर्ट करने की व्यवस्था के साथ ही नहीं जोड़ा। बाल्की अन्नदाता किसान के मन में खेती के बारे में वैज्ञानिक फसलों के बारे में उन्नति के बारे में विश्वास पैदा करने का भी यह तो एक माध्यम बनने जा रहा।**

महोत्सव के दौरान दो देशों के लिए आमों का एयर कार्गो रवाना किया गया। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।

**********

केंद्र सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एनपीएस के अन्तर्गत वर्तमान में उपलब्ध सभी कर लाभ नई शुरू की गई एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस में भी लागू रहेंगे। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यूपीएस को कर ढांचे के अन्तर्गत शामिल करना पारदर्शी, सुगम और कर–कुशल विकल्पों के माध्यम से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति सुरक्षा को मजबूत करने के सरकार के प्रयास में एक और कदम है।

**********

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कल कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंसटेस्ट–सीयूईटी 2025 का परिणाम घोषित कर दिया। यह परीक्षा देश के विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों मेंप्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

**********

आगामी 25 से 29 सितम्बर के बीच होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड–शो 2025 के तीसरे संस्करण के लिए कल नई दिल्ली के कनॉट प्लेस पर रोड शो का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा यह केवल उत्पादों की प्रदर्शनी नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के उद्योगों, कारीगरों, एमएसएमई इकाइयों और उद्यमियों की शक्ति को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर भी है।

**********

मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित देश के चार राज्यों में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में मौसम वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने मानसून की स्थिति के बारे में जानकारी दी।

**5 तारीख की नाइट से 7 तारीख की नाइट तक मॉनसून एक्टिव रहेगा। पश्चिम हिमालयन के क्षेत्रों में हम लोग को रेड कलर दिये हैं। मेनली जो 6 तारीख और 5 तारीख का जो है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड में और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी धीरे–धीरे बारिश बढेगा और मेनली हम लोग जो है 6 तारीख को लाइट टू मोडरेड रेन फॉल भी है।**

प्रदेश में हो रही मानसूनी बारिश के चलते कई जिलों में नदियों के जल स्तर में बढ़ोत्तरी से बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। कल बदायूं में गंगा और लखीमपुर खीरी में शारदा खतरे के निशान से आधा मीटर नीचे बह रही थीं। प्रयागराज में गंगा और यमुना उफान पर हैं। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि बाढ़ को लेकर समीक्षा की गई । प्रशासन पूरी तरह से तैयार हैं।

**88 बाढ़ चौकियां बनाई गई है। 47 विलेजेज को चिन्हित किया गया है जो संवेदनशील है, परम्परा रूप से जहां पर जल प्लावन क्षेत्र हो जाते है वहां पर भी हम लोगों ने अपनी टीम को डिपलाए किया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को डिप्लासमेंट किया है और जो हमारे रेन्वयू और अदर स्टे होल्डर्स डिपार्टमेंट है। सभी की डिटेल ट्रेनिंग करायी गयी है। मॉक ड्रिल इसकी संपन्न हो गयी।**

**********

श्रावण माह में होने वाली कावड़ यात्रा को देखते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अमरोहा जिले में वहां के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कल संभावित जुलूस और कावड़ मार्गों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों, नागरिकों और व्यापारियों के साथ यात्रा के सुचारू संचालन को लेकर बातचीत भी की। फर्रुखाबाद में वहां के जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने श्रृंगीरामपुर घाट पर कावड़ यात्रा की तैयारियां का जायजा लिया। मुजफ्फरनगर जिले में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कल कावड़ शिविरों के संचालकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान शिविरों के संचालकों से शिविर के लिए अनुमति लेने को कहा गया। हापुड़ जिले में भी कावड़ यात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं।

**********

मुहर्रम की आठवीं तारीख को गोरखपुर जिले की मस्जिदों और घरों में हजरत इमाम हुसैन की याद में महफिलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोरखपुर शहर के गोरखनाथ इलाके के जामिया अल इस्लाह एकेडमी के करीब दो सौ बच्चों को इमाम हुसैन की जिंदगी और मिशन के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने सामूहिक कुरआनख्वानी भी की। इस बीच, मुहर्रम के जुलूस को देखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। विभिन्न जिलों में पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी समीक्षा बैठकों और फ्लैग मार्च के जरिये सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने में जुटे हैं।

**********

प्रदेश के संभल जिले के जुनावई थाना क्षेत्र में कल देर शाम बारातियों से भरी कार एक स्कूल की दीवार से टकरा गई। इस हादसे में दूल्हा समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब पांच लोग घायल हैं। कार सवार सभी लोग बदायूं जिले में बारात लेकर जा रहे थे । वहीं, उन्नाव जिले में कानपुर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शेखपुरा नरी कट के पास कल शाम एक अनियंत्रित ट्रक ने एक बाइक और पिक अप को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हैं।

**********